संख्या–ई0डी0एन0–एच(2)बी(2)3 / 2020–मांग पत्र
प्रारम्भिक शिक्षा निदेशालय,
हिमाचल प्रदेश ।
दिनांक शिमला–171001, अक्तुबर, 2020.

प्रारम्भिक शिक्षा निदेशालय (हि.प्र.)
13 OCT 2020
शिमला–4

सेवा में

निदेशक, लोक सम्पर्क विभाग,
हिमाचल प्रदेश , शिमला–171002.

विषयः– प्रशिक्षित स्नातक अध्यापक (नॉन–मैडिकल), (मैडिकल) तथा (कला) की भर्ती एवं पदोन्नति नियमों के अनुरूप अपंग अभ्यार्थियों के लिये आरक्षित पदों के बैकलॉग तथा जुलाई, 2017 के बाद बचे हुए आरक्षित पदों को बैच के आधार तथा मैरिट के अनुसार अध्यापक पात्रता परीक्षा में उतीर्ण हुए अभ्यार्थियों में से अनुंबन्ध आधार पर भर्ती हेतु साक्षात्कार बारे सूचना।

महोदय,

उपरोक्त विषय के सम्बन्ध में आपको सूचित करते हुए अनुरोध किया जाता है कि विभाग प्रशिक्षित स्नातक अध्यापक (कला), (नॉन–मैडिकल) तथा (मैडिकल) के पदों को अपंग अभ्यार्थियों के लिये आरक्षित पदों के बैकलॉग तथा जुलाई, 2017 के बाद बचे हुए आरक्षित पदों को बैच के आधार पर तथा मैरिट के अनुसार हिमाचल प्रदेश अधीनस्थ सेवाएं चयन बोर्ड हमीरपुर से या हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला से अध्यापक पात्रता परीक्षा में उतीर्ण हुए अभ्यार्थियों में से अनुंबन्ध आधार पर भरने जा रहा है । इस सन्दर्भ में विज्ञापन की 5 प्रतियां आपको अवलोकनार्थ एवं प्रमुख दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशनार्थ हेतु संलग्न की जा रही है ।

निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा,
हिमाचल प्रदेश ।

पृष्ठांकन संख्या यथोपरी दिनांक शिमला–171001, अक्तुबर, 2020
प्रतिलिपिः–

1. निदेशक, अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्प संख्यक विभाग, हिमाचल प्रदेश शिमला–171009
2. निदेशक श्रम एवं रोजगार, हि0 प्र0 शिमला–171002 को इस कथन के साथ प्रेषत है कि दिनांक को संप्रेषित किये गए नामों के अतिरिक्त कोई अन्य पात्र अभ्यार्थियों के नाम जो हाल ही में दर्ज हुए हों उन्हें भी संप्रेषित करने की कृपा करें ।
3. निदेशक आकाशवाणी केन्द्र, शिमला–4, हिमाचल प्रदेश को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि वे इस विज्ञप्ति का प्रसारण प्रादेशिक समाचारों के दौरान 15-10-2020 से 19-10-2020 तक कम से कम 4–5 बार अवश्य करें ।
4. निदेशक, दूरदर्शन केन्द्र शिमला–4, हिमाचल प्रदेश को भी इसी अनुरोध के साथ प्रेषित है कि वे भी इस विज्ञप्ति का प्रसारण प्रादेशिक समाचारों के दौरान 15-10-2020 से 19-10-2020 तक कम से कम 4–5 बार अवश्य करें ।
5. रक्षक नस्ति ।

निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा,
हिमाचल प्रदेश ।

संख्या–ई0डी0एन0–एच(2)बी(2)3/2020–मांग पत्र
प्रारम्भिक शिक्षा निदेशालय,हिमाचल प्रदेश ।

प्रारम्भिक शिक्षा निदेशालय (हि.प्र.)
13 OCT 2020
शिमला-1

दिनांक शिमला–1 अक्तुबर, 2020.

विषयः– प्रशिक्षित स्नातक अध्यापक (नॉन–मैडिकल), (मैडिकल) तथा (कला) की भर्ती एवं पदोन्नति नियमों के अनुरूप अपंग अभ्यार्थियों के लिये आरक्षित पदों के बैकलॉग तथा जुलाई, 2017 के बाद बचे हुए आरक्षित पदों को बैच के आधार तथा मैरिट के अनुसार अध्यापक पात्रता परीक्षा में उतीर्ण हुए अभ्यार्थियों में से अनुंबन्ध आधार पर भर्ती हेतु साक्षात्कार बारे सूचना ।

प्रारंम्भिक शिक्षा विभाग सूचित करता है कि प्रशिक्षित स्नातक अध्यापक कला, नॉन–मैडिकल तथा मैडिकल के अपंग अभ्यर्थियों के लिये आरक्षित पदों के बैकलॉग तथा जुलाई, 2017 के बाद बचे हुए आरक्षित पदों को अधीनस्थ सेवाएं चयन बोर्ड हमीरपुर या बोर्ड ऑफ स्कूल एजूकेशन धर्मशाला से अध्यापक पात्रता परीक्षा में उतीर्ण हुए अभ्यार्थियों में से अनुबन्ध आधार पर भरने जा रहा है । इन पदों को अनुबन्ध आधार पर स्थिर वेतन रू0–13900 (मूल वेतन रू0–10300+3600 ग्रेड वेतन व ग्रेड पे का 150%) के अनुसार भरा जाएगा, प्रार्थी की आयु 18 से 45 वर्ष के मध्य होनी चाहिए, प्रार्थी को उपरी आयु में नियमानुसार छूट दी जाएगी । पदों का विवरण निम्न प्रकार से हैः–

Subject	VI		HI		OH		Multiple Disabled		Total
	Merit-wise	Batch-wise	Merit-wise	Batch-wise	Merit-wise	Batch-wise	Merit-Wise	Batch-wise	
TGT(Arts)	10	10	10	15	10	10	09	10	84
TGT (NM)	05	05	08	08	04	05	04	04	43
TGT(Med)	03	03	04	04	03	03	02	02	24
Total	18	18	22	27	17	18	15	16	151

पात्र अभ्यार्थी अपना नाम प्रारंम्भिक शिक्षा निदेशालय, हि0 प्र0 की वैबसाईट(Website) पर देख सकते हैं यदि किसी अभ्यार्थी की अपंगता श्रेणी या नाम व पते में कोई त्रुटि हो या कोई अभ्यार्थी अपना पता बदलवाना चाहता हो तो उक्त अभ्यार्थी निदेशालय में आकर अपनी श्रेणी, नाम व पते में आवश्यक बदलाव दिनांक 20.10.2020 तक करवा सकता है साथ ही किसी पात्र उम्मीदवार का नाम विभागीय वैबसाईट(Website) पर न हो तो वह अपना आवेदन सादे कागज पर निदेशक प्रारंम्भिक शिक्षा निदेशालय शिमला–171001 के नाम पर दिनांक 20.10.2020 तक भेज सकता है । आवेदन पत्र में प्रार्थी अपना पूर्ण बायोडाटा अपने स्थाई पते तथा अपनी शैक्षणिक/व्यवसायिक योग्यता के प्रमाण पत्रों की सत्यापित प्रतियॉ सहित संलग्न करें । आवेदक ने किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/शिक्षण संस्थान से बी0एस0सी0 (कला) (नॉन मैडिकल/मैडिकल)/बी0एड0 उतीर्ण की हो तथा हिमाचल प्रदेश अधीनस्थ सेवाएं चयन बोर्ड के माध्यम से या हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला से अध्यापक पात्रता परीक्षा उतीर्ण की हो । अधूरे/अस्पष्ट आवेदन कार्यालय द्वारा स्वीकार नहीं किए जाएंगे। साक्षात्कार की तिथि विभाग द्वारा पात्र आवेदकों को विभागीय website तथा समाचार पत्रों के माध्यम से सूचित की जाएगी ।

निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा,
हिमाचल प्रदेश ।